20 शिवसैनिकों के खिलाफ मामला दर्ज

हवाई अड्डे पर उद्धव ठाकरे के आगमन के बाद पुलिस अधिकारी से हाथापाई करने पर हुआ था हंगामा

औरंगाबाद। 13 नवंबर। लोस सेवा

शिवसेना पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के रविवार को चिकलथाना हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद उनके सुरक्षा रक्षक पुलिस अधिकारी के साथ धक्का-मुक्की कर सरकारी काम में रुकावट डालने वाले 20 शिवसैनिकों के खिलाफ एमआईडीसी सिडको पुलिस ने देर रात मामला दर्ज किया है.

विशेष सुरक्षा यूनिट के सहायक पुलिस निरीक्षक बीबी तांबे की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई. इस बारे में पुलिस ने बताया कि शिवसेना पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे रविवार को दोपहर चार बजे औरंगाबाद दौरे पर आए थे, उन्हें यहां से कन्नड़ जाना था. इस समय विमानतल पर उनके स्वागत के लिए अनेक शिवसेना पदाधिकारी और शिवसैनिक उपस्थित थे.

4.10 बजे जैसे ही उद्धव ठाकरे वीआईपी गेट से बाहर निकले कि उनके स्वागत करने और उनसे हाथ मिलाने व उनके चरण स्पर्श करने के लिए शिवसैनिकों में होड़ लग गई. यह देखकर ठाकरे की सुरक्षा में तैनात विशेष सुरक्षा यूनिट के पुलिस अधिकारियों ने भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास करते हुए उन्हें दूर हटाना शुरु किया. इससे गुस्साए शिवसैनिकों ने ठाकरे के कार में बैठकर निकलने के बाद सुरक्षा दस्ते के सहायक पुलिस निरीक्षक बीबी तांबे को उनकी कार में बैठने से रोका और उनका घेराव किया.

इस समय तांबे ने अपने कर्तव्य और जिम्मेदारी के बारे में भीड़ को अवगत कराया और तत्काल ठाकरे के पीछे जाने देने का अनुरोध किया, लेकिन भीड़ ने उनके साथ यह कहकर हाथापाई की कि उन्होंने उन्हें क्यों रोका, ठाकरे से मिलने क्यों नहीं दिया. हंगामे के दौरान सुरक्षा दस्ते के अन्य अधिकारियों ने बीच-बचाव कर तांबे को भीड़ के बीच से बाहर निकाला और चल पड़े, लेकिन तब तक ठाकरे के वाहनों का काफिला दूर तक निकल गया था. फिर भी जैसे-तैसे सुरक्षा दस्ते ने उन तक पहुंचकर सुरक्षा की कमान संभाली.

कन्नड़ दौरे से वापस शहर लौटकर उद्धव ठाकरे के विमान से मुंबई रवाना होने के बाद देर रात सहायक निरीक्षक तांबे ने 20 अज्ञात शिवसैनिकों के खिलाफ एमआईडीसी सिडको पुलिस में शिकायत लिखाई है. पुलिस आगे की जांच कर रही है.

चीन दौरे पर जाएगा मनपा का शिष्टमंडल

औरंगाबाद। 13 नवंबर। लोस सेवा

चीन की एक कंपनी ने गत महीने कचरे पर प्रक्रिया किए जाने की जानकारी देने के लिए एक प्रयोग दिखाया था. इस दौरान कंपनी के अधिकारियों ने कचरे की प्रक्रिया देखने और समझने के लिए एक शिष्टमंडल को चीन के दौरे पर भेजे जाने का अनुरोध किया था.

इस संबंध में मनपा आयुक्त डीएम मुगलीकर ने कहा कि अपने खर्च से मनपा अधिकारी और पदाधिकारी शीघ्र ही चीन के दौरे पर जाएंगे. इसमें घनकचरा प्रकल्प प्रमुख डीपी कुलकर्णी, वार्ड अधिकारी भालचंद्र पैठणे, उप महापौर विजय औताड़े, सेना गुटनेता मकरंद कुलकर्णी का समावेश है.

औरंगाबाद में सोमवार को छावनी अस्पताल में पंडाल के नीचे लेटे मरीज. अधिकांश मरीजों को छुट्टी दे दी गई है और स्थिति सामान्य है. दो दिन पहले 900 से अधिक मरीज गैस्ट्रो से अचानक पीड़ित हो गए थे.

गलतियों पर मंडल संचालक का किया घेराव

युवा सेना ने सौंपा कार्रवाई करने का ज्ञापन

औरंगाबाद। 13 नवंबर। लोस सेवा

डॉ बाबासाहब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के परीक्षा व मूल्यांकन मंडल संचालक डॉ डीएम नेटके का सोमवार को युवा सेना के कार्यकर्ताओं ने घेराव किया. विवि की स्नातक परीक्षा में गल्तियां करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर उन्हें ज्ञापन भी सौंपा गया.

युवा सेना के जिलाधिकारी ऋषिकेश खैरे, शहर महासचिव अक्षय खेड़कर, भाविसे विवि इकाई प्रमुख डॉ तुकाराम सराफ के नेतृत्व में यह घेराव किया गया. इस अवसर पर दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि विवि कार्यक्षेत्र में ग्रामीण इलाके के बच्चे पढ़ते हैं. कई विद्यार्थियों को स्नातक परीक्षा का समय पर हॉलटिकट नहीं मिला, तो कई बार समयसारिणी बदली गई. इससे विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. विवि चुनाव के बाद संगठन विभिन्न मुद्दों को लेकर जनआंदोलन छेड़ेंगे. इस अवसर पर युवा सेना के किरण तुपे, नारायण सुरे, शहराधिकारी सतीश पवार, विशाल आदमाने पाटील, मिथुन व्यास, समाधान बनकर पाटील, दत्ता शेलार आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे.

औरंगाबाद में सोमवार को विवि में परीक्षा संचालक डीएम नेटके को ज्ञापन सौपने पहुंचे ऋषिकेश खैरे, अक्षय खेड़कर आदि.

पार्किंग में सहूलियत देने की मांग

इस बीच युवा सेना ने शहर यातायात विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त सीडी शेवगण को परीक्षा केंद्र परिसर में आए विद्यार्थी व अभिभावकों के वाहनों पर कार्रवाई न करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में कहा गया है कि विवि की गलती की वजह से 10 नवंबर को अचानक परीक्षा केंद्र बदले गए. तब विद्यार्थियों को भाग-दौड़ करनी पड़ी. कई चौक-चौराहों पर पुलिस ने कार्रवाई की, जिससे अभिभावक व विद्यार्थी परेशान हुए.

Govt.Reg.No.7342
पेन केअर इंस्टीट्युट
ऑर्थोपेडीक सर्जन द्वारे सल्ला व उपचार

सांधेवात, गुडघेदुखी, मान, पाठ,कंबरदुखी मायग्रेन (डोकेदुखी), फ्रोझन शोल्डर (खांदेदुखी) सायटीका, स्लिप डिस्क, टाचदुखी, टेनिस ऐल्बो हातापायात मुंग्या येणे
अपना बाजार, बाफना ज्वेलर्स समोर, जालना रोड, औरंगाबाद.
9822899660, 9422713387, 9767442040
(कृपया अपॉईंटमेंट घेऊनच येणे)
सोमवार ते शुक्रवार फक्त

निधि के अभाव में अधर में लटका टीवी सेंटर मार्केट

तीन वर्ष बाद भी दुकानदारों पर 6 करोड़ रुपए का बकाया

औरंगाबाद। 13 नवंबर। लोस सेवा

महानगर पालिका टीवी सेंटर चौक स्थित मैदान में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाये जाने का काम शुरु किया गया है. एक ओर दुकानदारों ने दूसरी किश्त नहीं जमा की है, वहीं महानगर पालिका के पास निधि न होने से निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है.

तीन वर्ष पूर्व बोली लगाकर 50 दुकानें साढ़े बारह करोड़ में बेची गई थीं. जिन नागरिकों ने दुकानें खरीदी हैं, उन्होंने मनपा को दूसरी किश्त अदा नहीं की है. इस प्रकार सभी दुकानदारों पर करीब छह करोड़ रुपए बकाया होने की जानकारी है. इससे संबंधित लोगों को पुन: नोटिस दिए जाने का निर्णय प्रशासन ने लिया है. व्यापारियों की ओर से पैसे अदा नहीं किए जाने से शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का काम पूर्ण करने में विलंब हो रहा है. यह जानकारी कार्यकारी अभियंता अफसर सिद्दीकी ने दी.

ज्ञात हो कि महानगर पालिका ने बीओटी के नाम पर शहर में अनेक योजनाएं तैयार की हैं. प्रत्येक प्रकल्प में महानगर पालिका का भारी नुकसान होने की जानकारी मिली है. इस प्रकार पिछला अनुभव ध्यान में रखते हुए मनपा ने टीवी सेंटर मैदान में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का काम व्यवसायियों के दृष्टिकोण के मद्देनजर बनाये जाने का निर्णय लिया है. मैदान के दोनों ओर 50 दुकानें बनाई गई हैं. इस काम के लिए करीब साढ़े चार करोड़ रुपए खर्च होंगे. जबकि 50 दुकानों की बोली लग चुकी है. सर्वाधिक बोली लगाने वाले व्यापारियों को दुकानें दी गई हैं.

इस कार्य से मनपा को 12.50 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे. इनमें से छह करोड़ रुपए अभी तक व्यवसायियों ने अदा नहीं किए हैं. अब पैसे अदा नहीं करने वाले व्यवसायियों को नोटिस भेजे गए हैं. इन नोटिस की ओर ध्यान नहीं दिए जाने से पुन: एक बार नोटिस भेजकर करार रद्द किए जाने का विचार भी मनपा ने शुरु किया है. व्यवसायियों की ओर से पैसे अदा नहीं किए जाने से यह योजना पूर्ण करने में मनपा प्रशासन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. जबकि मार्च 2018 तक इस प्रकल्प का कार्य पूर्ण होने और व्यवसायियों को दुकानें मिलने की दृष्टि से मनपा प्रशासन प्रयास कर रहा है.

बताया गया कि मनपा प्रशासन ने टीवी सेंटर स्थित मैदान का सौंदर्यीकरण किए जाने का भी निर्णय लिया है. इसके लिए स्वतंत्र बैंक खाते की व्यवस्था की गई थी. इस संबंध में बताया गया कि दुकानों की बिक्री से जमा होने वाली राशि से फुटबॉल ग्राउंड तैयार किया जाएगा, पश्चिम में बैडमिंटन कोर्ट तैयार किए जाएंगे. पार्किंग, शौचालय आदि के कार्य भी कराये जाएंगे. मैदान विकसित करने के लिए स्वतंत्र वास्तु विशारद (आर्किटेक्ट) की नियुक्ति की जाएगी. उसकी ओर से पूर्ण प्रारुप मिलने के बाद निविदा निकाल कर काम शुरु किया जाएगा. इस प्रकार शॉपिंग कॉम्प्लेक्स से मिलने वाली पूर्ण राशि इसी मैदान को विकसित किए जाने के लिए उपयोग की जाएगी.

विवि परिसर में जल्द 'वाई फाई' की सुविधा

प्रभारी कुलसचिव डॉ साधना पांडे ने दी जानकारी, पहले चरण का काम हुआ पूरा

औरंगाबाद। 13 नवंबर। लोस सेवा

डॉ बाबासाहब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय परिसर में जल्द विद्यार्थी और शिक्षकों के लिए 'वाई फाई' की सुविधा प्रदान की जाएगी. इसके लिए पहले चरण का काम हो चुका है, जल्द दूसरे चरण में इसका क्रियान्वयन होगा. ऐसी जानकारी नवनियुक्त प्रभारी कुलसचिव डॉ साधना पांडे ने दी.

पत्रकारों से बातचीत में कुलसचिव डॉ पांडे ने बताया कि सोमवार को उन्होंने कुलसचिव पद पर पहले दिन कामकाज देखा. वह रोजाना कार्यालय में आने वाली किसी फाइल को पेंडिंग नहीं रखेंगी. साथ ही संपर्क के लिए विवि में कर्मचारियों के वॉटस एप ग्रुप बनाए जाएंगे. साथ ही कुलसचिव कार्यालय का पत्राचार ऑनलाइन पध्दति से किए जाने पर जोर दिया जा रहा है. साथ ही विभागों से सीधा संपर्क करने का प्रयास हो रहा है. विवि में जल्द की नैक मूल्यांकन की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं. विवि का परिसर प्रकृति की सुंदरता से सजा है. इस परिसर को 'क्लीन' और

'ग्रीन' रखने पर जोर दिया जा रहा है. विदेशी विद्यार्थियों को आने वाली विभिन्न समस्या हल करने के लिए विवि के विभिन्न विभागों में कामकाज के लिए निर्देश व सूचनाएं दी जाएंगी. मेरे कार्यकाल में अब नए कानून के तहत अधिकार मंडल चुनावों की प्रक्रिया चल रही है. इस कार्यालय में निष्पक्ष रहकर कार्य करेंगे. शिक्षकेतर कर्मचारी कुलसचिव कार्यालय की लाइफ लाइन होते हैं. उनका सहयोग लेकर विवि प्रशासन को आगे बढ़ाया जा सकता है. विवि में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने में वह कुलपति डॉ बीए चोपड़े के मार्गदर्शन में काम करने को प्राथमिकता देती हैं.

आता प्रथमच सेक्स समस्यांवर अत्याधुनिक विदेशात प्रचलित लेझर व व्हॅक्युम थेरेपी उपचार
विवाहापुर्वी व विवाहानंतर समस्यांसाठी एम.बी.बी.,एस.एम.डी. डॉक्टरांचा सल्ला
हस्तमैथुन, स्वप्नदोष, विर्यदोष, शिघ्रपतन, इंद्रीय शिथिलता, पुरुष वंधत्व
हायपोगोनॅडिझममुळे इंद्रीय समस्या, मधुमेहामुळे आलेली लैगिंक शिथीलता
ऑलीगोस्पर्मीया : शुक्रजंतुची संख्या कमी असणे. ॲझुस्पर्मीया: शुक्रजंतुची संख्या अजीबात नसणे.

आशाकिरण क्लिनीक
१९८५ पासुन शास्त्रीयोक्त मार्गदर्शन केंद्र
३८, निराला बाजार, बाटा शोरुम समोर, औरंगाबाद. वेळ - स.११ ते ३ व सायं.७ ते ९ शनिवार रविवार बंद
कृपया अनावश्यक खर्चीक व फसव्या उपचारापासुन सावध मो. 7769856821 9767132521

सीए तोलवानी की नियुक्ति

औरंगाबाद। 13 नवंबर। लोस सेवा

स्थानीय सीए शशांक तोलवानी की इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया यानी 'आईसीएआई' की ओर से वस्तु व सेवा कर अर्थात जीएसटी के संबंध में विशेष

राष्ट्रीय समिति में नियुक्ति की गई है. सीए क्षेत्र का अनुभव और ज्ञान को देखते हुए राष्ट्रीय समिति ने यह नियुक्ति की है. सीए तोलवानी इस पद के जरिए विभिन्न कार्यक्रमों से जीएसटी के बारे में कर सलाहकार, व्यापारी, आम नागरिकों को मार्गदर्शन करेंगे. इस नियुक्ति के बाद तोलवानी ने मुंबई में चार दिवसीय चर्चा-सत्र में अपनी बात रखी.

सीट के विवाद में ऑटो चालक ने यात्री का सिर फोड़ा

क्रांति चौक पुलिस थाने में मामला दर्ज

औरंगाबाद। 13 नवंबर। लोस सेवा

ऑटो रिक्शा में पिछली सीट पर जगह नहीं होने पर आगे की सीट पर बैठने से इंकार करने वाले यात्री की रिक्शा चालक ने जमकर पिटाई कर उसका सिर फोड़ दिया. यह घटना अदालत रोड पर सोमवार सुबह 11 बजे हुई.

रिक्शा वालों के आपराधिक कारनामों के किस्से यूं तो आम है, लेकिन अब रिक्शा में बैठने से इंकार करने पर पत्थर से सिर फोड़ने तक की रिक्शा चालकों की हिम्मत बढ़ गई है. इस बारे में पुलिस ने बताया कि संजय नगर, मुकुंदवाड़ी निवासी सुरेश अशोक इंगले नामक 31 वर्षीय युवक एक निजी कंपनी में काम करता है. सुबह 11 बजे वह अदालत रोड पर कोर्ट की इमारत के सामने खड़े रहकर घर जाने के लिए रिक्शा का इंतजार कर रहा था कि उसी समय एक रिक्शा आकर उसके पास रुक गया. रिक्शा चालक ने उसे पूछा कि कहां जाना है, जिस पर सुरेश ने कहा कि मुकुंदवाड़ी जाना है. इस पर चालक ने उसे कहा कि पिछली सीट पर जगह नहीं है, सामने की सीट पर उसकी बाजू में बैठ जाए.

लेकिन सुरेश ने आगे की सीट पर बैठने से मना कर रिक्शा से दूर हो गया. इससे क्रुद्ध रिक्शा चालक ने उसकी पिटाई कर दी और पास में पड़ा हुआ फर्श का टुकड़ा उठाकर सुरेश के सिर पर मार दिया. मारपीट में सुरेश घायल हो गया. बाद में रिक्शा चालक वहां से फरार हो गया. इस बारे में शाम छह बजे सुरेश ने क्रांति चौक पुलिस में शिकायत लिखाई है.

आयोजन • वधू- वर परिचय सम्मेलन को मिला प्रतिसाद

गुरव समाज के सम्मेलन में जुटे समाजजन

औरंगाबाद। 13 नवंबर। लोस सेवा

गुरव समाज का 19 वां राज्य स्तरीय वधू- वर परिचय सम्मेलन वरद गणेश मंदिर मंगल कार्यालय, समर्थनगर में रविवार को संपन्न हुआ. इस सम्मेलन में राज्य के अलग-अलग जिले से समाज भाई आए थे.

इस अवसर पर पंडित शाम गुंजकर का सांसद चंद्रकांत खैरे के हाथों समाज भूषण पुरस्कार देकर सम्मान किया गया. इस अवसर पर प्रमुख अतिथि महापौर नंदकुमार घोड़ेले ने बताया कि शहर में नियोजित संतसृष्टि में गुरव समाज के आद्य संत श्री काशीबा महाराज की प्रतिमा लगाई जाएगी.

औरंगाबाद में सोमवार को आयोजित गुरव समाज के सम्मेलन में मार्गदर्शन करते हुए सांसद चंद्रकांत खैरे. समीप है महापौर नंदकुमार घोड़ेले व समाज के वरिष्ठ जन.

इस अवसर पर डॉ नितिन ढेपे, हभप विष्णु महाराज, नगरसेविका कीर्ति शिंदे, ओबीसी जनजागरण समिति की अध्यक्ष सरस्वती हरकल, संजीवनी घोड़के, हरीश नीलकंठ, अनंत पुजारी, अनिल बेदरे, गणेश पुजारी, क्रांति कुलकर्णी, हपभ धुमाल महाराज मंच पर उपस्थित थे. जिला गुरव समाज मंडल की उपाध्यक्ष रोहिणी शेवाले, महासचिव रामनाथ कापसे, सहसचिव स्वर्णा मुंगीकर, कोषाध्यक्ष दामोधर पवार, पुंडलिक सोनवणे, विष्णु बचाटे, रविकांत सालुंके, कडूबाल कदम, सोमनाथ पवार, मंगल काले, योगेश मुंशीकर, वैभव भंडारे आदि ने अतिथियों स्वागत किया. मंडल के अध्यक्ष ससो खंडालकर ने प्रस्तावना व संचालन किया. इस अवसर पर रोशनी संजय भोकरे का सत्कार किया गया.